तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4
आखिर कैसे रुके हादसे, ग्रामीण क्षेत्रों में पिकअप वाहनों में ही ठूंस-ठूंस कर ढोए जाते हैं सवारी



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## शाला पोषण अभियान के दौरान सामने आई जानकारी

# गांवों के हायर सेकेंड्री स्कूलों में गणित व कामर्स में छात्र कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में संचालित शासकीय महाविद्यालयों द्वारा चलाए गए शाला पोषण अभियान से चौकाने वाली जानकारी सामने आई है। विश्वविद्यालय को भेजी गई जानकारी में जो खुलासा हुआ है उसके अनुसार हायर सेकेंडरी स्कूल में गणित और कामर्स विषय में प्रवेशी छात्रों की संख्या कम होने से महाविद्यालयों में गणित और कामर्स की फैकल्टी पर संकट गहरा गया है।

जिले में उच्च शिक्षा के विस्तार को लेकर पिछले कुछ वर्षों में लगातार शासकीय महाविद्यालय प्रारंभ किए गए हैं। इन कॉलेजों में छात्रों की दर्ज संख्या बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय के निर्देश पर सभी शासकीय महाविद्यालय जिनमें ग्रामीण महाविद्यालयों के साथ शहरी महाविद्यालय भी शामिल हैं। इनके द्वारा अपने आसपास के हायर सेकेंडरी स्कूल में पहुंचकर गणित, बायो, कामर्स, कला विषय में प्रवेश लेने वाले छात्रों की संख्या का विवरण लिया गया और वहां अध्ययनत छात्रों को प्रवेश लेने के लिए जागरुक किया गया। इनमें शहरी क्षेत्र के कालेजों की स्थिति तो ठीक ठाक नजर आई लेकिन संकट की स्थिति ग्रामीण अंचलों में शुरु किए गए शासकीय महाविद्यालयों में खड़ी हुई है। जहां गणित और कामर्स संकाय के अनवरत चलने पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है।

**खास बात**

- विश्वविद्यालय के निर्देश पर सभी ग्रामीण अंचलों के कॉलेजों ने चलाया जा था अभियान




उमरेली नवीन महाविद्यालय।

### जब स्कूल में छात्र नहीं तो कॉलेजों में संकाय कैसा

शाला पोषण अभियान के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल में गणित और कामर्स संकाय में छात्रों की संख्या न के बराबर होने के कारण इन स्कूलों के समीप संचालित शासकीय महाविद्यालय में गणित और कामर्स संकाय के चलने पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। विश्वविद्यालय को भेजी गई रिपोर्ट में यही जानकारी दी गई है। इससे ऐसे कॉलेजों जिनके आसपास के हायर सेकेंडरी स्कूल में गणित और कामर्स के छात्र नहीं है उन कॉलेजों में दोनों फैकल्टी आने वाले दिनों में बंद करनी पड़ जाएगी। ऐसे कॉलेजों में रामपुर, उमरेली, करतला, बांकीमोंगरा शामिल हैं।

### ग्रामीण स्कूलों में छात्रों की संख्या कम

शाला पोषण अभियान के दौरान यह जानकारी सामने आई है कि ग्रामीण अंचल के स्कूलों में गणित और कामर्स विषय के छात्रों की संख्या कम है जिससे इन क्षेत्रों में चल रहे कॉलेजों में इन विषय के छात्र नहीं पहुंच पाते हैं।

-**शिखा शर्मा**, प्राचार्य पीजी कॉलेज कोरबा

### स्कूल में चल रहे ग्रामीण महाविद्यालय

उमरेली, रामपुर, बांकीमोंगरा व जटगा महाविद्यालय अपने क्षेत्र के शासकीय स्कूलों के भवन में ही चल रहे हैं। अब तक इन शासकीय कॉलेजों को जमीन का आबंटन नहीं हुआ है। इससे इन कॉलेजों का संचालन हाई स्कूल बिल्डिंग में ही संचालन करना पड़ रहा है।

### तकनीकी व व्यवसायी शिक्षा के प्रति रुझान

ग्रामीण अंचलों के हायर सेकेंडरी स्कूलों में गिनती के छात्र गणित और कामर्स विषय लेते हैं। इनमें 12वीं कक्षा गणित संकाय से उत्तीर्ण करने के बाद अधिकांश छात्र आगे की उच्च शिक्षा के लिए जिले से बाहर तकनीकी शिक्षा लेने के लिए चले जाते हैं या फिर शहर के कॉलेजों में चले जाते हैं। बांकीमोंगरा क्षेत्र से अधिकांश छात्र हरदीबाजार और शासकीय पीजी महाविद्यालय में प्रवेश लेते हैं इसी तरह ग्रामीण स्कूलों में कामर्स संकाय लेकर पढ़ने वाले छात्र प्रोफेशनल कोर्स के लिए प्रायवेट कॉलेजों में प्रवेश ले लेते हैं। प्रोफेशनल कोर्स में रोजगार के अवसर होने की स्थिति को देखते हुए छात्रों का रुझान इस ओर ज्यादा देखा जा रहा है।

*कोरबा। क्रीड़ा भारती संगठन की विकास यात्रा में क्रीड़ा केंद्र का विचार जहां गाँव वहाँ खेल मैदान की अवधारणा से आया और क्रीड़ा भारती का कार्य क्रीड़ा केंद्रों में स्पष्ट दिखाई देता है।

## मां- बेटे में विवाद, दोनों ने जहर खाया, मां की मौत, पुत्र गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन दिनों पहले एक मां और उसके पुत्र के बीच किसी बात को लेकर जमकर वाद विवाद हुआ था। जिसके बाद मां और पुत्र दोनों नहीं घर में रखें किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था जहां तबियत बिगड़ने पर मां और पुत्र को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दर्शन कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मां की मौत हो गई है जबकि पुत्र जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दोंदरो की है। यहां निवासरत मंथन बाई 50 वर्ष पति स्व. गुरुवार यादव व उसके 26 वर्ष पुत्र संजय यादव 10 अप्रैल की देर शाम लगभग 7:30 बजे अपने घर पहुंचा था और किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से वाद विवाद करने लगा देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि संजय यादव की पत्नी अपने घर से पड़ोसी के घर जा पहुंची। इसी बीच संजय और उसकी मां मंथन बाई के बीच वाद विवाद शुरू हो गया। घंटों विवाद होने के बाद मंथन बाई और उसके पुत्र संजय यादव ने घर में रखे किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसके बाद दोनों की तबियत बिगड़ने पर परिजनों की सहायता से उपचार के लिए उन्हें मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मंथन बाई की मौत हो गई है जबकि संजय यादव को आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मां बेटे ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र के ग्राम दोंदरों का मामला, जांच में जुटी पुलिस

## कोयला सहित ट्रेलर लेकर हुआ फरार, मामला दर्ज

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत निजी कंपनी में मुख्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ दीपका निवासी मनीष श्रीवास्तव उम्र 55 वर्ष पिता स्व. एस. के. सिन्हा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 12 अप्रैल को बाबा ट्रान्सपोर्ट कम्पनी की ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 5755 का चालक शनि सिंह गेवरा खदान से कम्पनी के डीओ क्रमांक टीपी नंबर 17524528 कुल 30.28 टन रोम कोयला लोड कर कांटा कराकर दिन के 11:31 बजे गेवरा खदान से दीपका के लिए निकला था जो रात्रि करीब 11 बजे दीपका कंपनी के बेरियर में पहुंचा ट्रेलर चालक शनि सिंह द्वारा कांटा पर्ची एवं टीपी लेकर पहुंचा जो बेरियर में उपस्थित गार्ड चंद्रपाल सिंह एवं प्रकाशन सिंह ने ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस 5755 में लोड कोयला एवं चालक शनि सिंह का पता किये है पता नही चल रहा है। शनि सिंह द्वारा 30.28 टन कीमती लगभग 58 हजार रूपये का रोम कोयला ट्रेलर समेत चोरी कर ले गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी में अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन

**कोरबा।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई के एसटीपीपी कोरबा द्वारा अग्निशमन सेवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभास घटक महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एनटीपीसी कोरबा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राम मूर्ति जोसुला, अपर महाप्रबंधक, शशि शेखर, एजीएम, विजय कुमार गर्ग एजीएम, एलके सिंह एजीएम, गवेंन्द्र शर्मा, डीजीएम, केवीवी अपाराव, उप महाप्रबंधक, कुमार पुरुषोतम, अशोक प्रसाद सिंह, जंगबहादुर सिंह, जसपाल सिंह, शिवकान्त मिश्रा, उषा रानी, नीलमणि एवं प्रबंधन वर्ग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों और केऔसुब के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिन्होंने शहीदों को पुष्पचक्र एवं श्रद्धासुमन अर्पित किये। मुख्य अतिथि ने अग्नि सुरक्षा संबंधी शपथ दिलाई गई एवं अग्नि सुरक्षा संबंधी प्रचार साम्रगी का विमोचन किया गया। साथ ही अग्निसेवा सप्ताह का शुभारम्भ भी किया गया।

### 5 अनाधिकृत वेंडरों पर जुर्माने की कार्रवाई

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधिकृत वेंडरों के माध्यम से गाडियों तथा स्टेशनों में गुणवत्तायुक्त खानपान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। स्टेशनों एवं गाडियों में यात्रियों को उपलब्ध कराई गई खानपान की गुणवत्ता को बरकरार रखने तथा उसमें लगातार सुधार हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन को अनाधिकृत वेंडिंग की शिकायत भी समय-समय पर मिलती रहती है। मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मंडल वाणिज्य विभाग द्वारा गाडियों तथा प्रमुख स्टेशनों में अनाधिकृत वेंडरों की रोकथाम हेतु नियमित रूप से खानपान जांच अभियान चलाया जा रहा है। 13 अप्रैल को मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री एस भारतीयन के नेतृत्व में वाणिज्य निरीक्षक, वाणिज्य पर्यवेक्षक व टीम द्वारा उसलापुर स्टेशन में अमरकंटक व सारनाथ एक्सप्रेस के आगमन के समय चलाये गए औचक खानपान जांच अभियान के दौरान 5 आनाधिकृत वेंडर पकडे.गये जिन पर रेलवे नियमानुसार 12 हजार 900 रुपए जुर्माने की कार्वाई की गई। सभी केटरिंग संचालकों को बिना प्लेटफार्म परमिट के प्लेटफार्म एवं गाडियों में खाद्य सामग्री नहीं बेचे जाने की सख्त हिदायत दी गई।

### नियमितीकरण की मांग को लेकर महासंघ करेगा आंदोलन

**कोरबा।** नगर निगमों, निकायों में संविदा नियुक्ति न करने व दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर कर्मचारी महासंघ आंदोलन करेगा। स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ सम्बध्द भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में निकायो में संविदा नियुक्ति पर प्रतिबंध लगाने, शेष बचे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण करने सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगो व समस्याओ पर विचार कर आंदोलन का निर्णय लिया गया। महासंघ के प्रदेश महामंत्री शरद दुबे एवं प्रदेश मंत्री अरूण मिश्रा ने संयुक्त रूप से जारी बयान में बताया कि स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पंचवटी गेस्ट हाऊस में आहुत की गई थी। बैठक में भारतीय स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ तथा प्रदेश महासंघ का त्र्यवार्षिक अधिवेशन दुर्ग में जून माह में आयोजित किये जाने का संकल्प पारित किया गया। प्रदेश के निकायों में व्याप्त कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

## अवैध कबाड़ के खिलाफ पुलिस एक्शन में, 4 टन कबाड़ सहित 3 बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सभी थाना चौकी प्रभारियों को अवैध कारोबार के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए निर्देश जारी किया है। इसी कड़ी में दर्री थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान एक सफेद रंग की टाटा पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 11 बीई 2185 को संदेह के आधार पर रोका गया। वाहन में नीलगिरी बस्ती निवासी विक्रम टंडन उम्र – 20 वर्ष, पिता देवप्रकाश टंडन के कब्जे से अवैध रूप से कबाड़ सामग्री (एंगल, रॉड, छड़, लोहे का स्क्रैप) कुल लगभग 2.5 टन बरामद किया गया है। इसी तरह बांकीमोंगरा पुलिस को एसईसीएल सिंघाली खदान के सुरक्षा प्रभारी द्वारा थाना बांकीमोंगरा में सूचना दी गई कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खदान क्षेत्र से लोहे के स्क्रैप की चोरी की गई है। सुरक्षा गार्डों की सतर्कता से खदान के बाहरी क्षेत्र में तीन मोटरसाइकिलों (क्रमांक सीजी 12- बीके 7239, सीजी - 12-एडी -1309 तथा एक बिना नंबर की) को संदेहास्पद स्थिति में खड़ा पाया गया, जिन पर लगभग 2 क्विंटल लोहे का स्क्रैप (एंगल, प्लेट, शटर आदि) लदा हुआ था। जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है।




जप्त पिकअप वाहन।

## निगम की जमा पूंजी में हेर फेर, एक्सिस बैंक के तत्कालीन मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा राजस्व वसूली से प्राप्त की गई नगद राशि को एक्सिस बैंक में जमा कराया गया था जहां जमा की गई राशि में अंतर पाए जाने पर जांच समिति ने मामले की जांच की। मामला सही पाए जाने पर नगर निगम ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम में सहायक लेखा अधिकारी के पद पर पदस्थ प्रदीप कुमार सिकदार उम्र 50 वर्ष पिता स्व0 दिलीप कुमार सिकदार ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा राजस्व वसूली से प्राप्त नगद वसूली राशि को सीएमएस के माध्यम से एक्सिस बैंक शाखा - पावर हाउस रोड कोरबा में निगम के खाता में जमा कराया जाता है। उक्त खाता में जमा राशि का निगम के कैश पंजी/सीएमएस जमा पर्ची एवं बैंक स्टेटमेंट में अंतर पाया गया है। जिस पर नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जांच समिति गठित किया गया था। जांच समिति का जांच प्रतिवेदन की सत्यापित छायाप्रति संलग्न है। जांच प्रतिवेदन अनुसार एक्सिस बैंक, शाखा-पावर हाउस रोड कोरबा के उक्त खाता में राशि रूपये 79 लाख 42 हजार 274 रुपए जमा नहीं पाया गया। नगर पालिका निगम कोरबा द्वारा राजस्० वसुली से प्राप्ता नगद वसूली राशि को सीएमएस के माध्यम से जमा कुल राशि रुपये 91 लाख 68 हजार 42 रुपए में से राशि रुपये 12 लाख 25 हजार 768 रुपएजमा उपरांत राशि रुपये 79 लाख 42 हजार 274 रुपए निगम के खाता में जमा नहीं पाया गया, जिससे ज्ञात होता है कि तत्कालीन एक्सिस बैंक प्रबंधन, शाखा-पावर हाउस रोड कोरबा द्वारा उक्त अंतर की राशि को निगम खाते में जमा नहीं कराया जाकर उक्त राशि का गबन किया गया है। मामले की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने एक्सिस बैंक शाखा टीपी नगर के तत्कालीन मैनेजर के विरुद्ध धारा 409 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

**खास बात**

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला




फाइल फोटो



## खबर संक्षेप

### महिला के घर शराब की बोतल फेंका: जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** महिला के घर में शराब की बोतल व पत्थर फेंकने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नूतन कालोनी निवासी सुनिता पति चंद्रकांत साहू ने रिपोर्ट लिखाई। उनके घर के आगे एच 14 में रहने वाली राकेश श्रीवास्तव शराब के नशे में आए दिन उनके घर के आंगने में शराब की खाली बोतल व पत्थर फेंकता है। उनके द्वारा मना करने पर अश्लील गाली गलौज की जाती है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर राकेश श्रीवास्तव के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### अलग-अलग घटना में दो युवकों ने की खुदकुशी

**बिलासपुर।** अलग अलग घटनाओं में एक युवक ने अपने घर में फांसी व एक युवक ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। तोरवा पुलिस के अनुसार, नानूबाड़ी निवासी राजू यादव पिता पंचू यादव 45 साल ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। इसी तरह रेलवे क्वाटर निवासी संतोष पिता हलकुराम मोंगरे 35 साल ने जहर सेवन कर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### युवक को बेरहमी से पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** शराबखोरी के बाद पुरानी रंजिश को लेकर युवकों ने एक अन्य युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की है। खबर है कि युवक पर चाकू से जान लेवा हमला किया गया, उसे इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोटा पुलिस के अनुसार, लोरमी निवासी सलमान अली रविवार को बिट्टू वैष्णव, राजेश जायसवाल के साथ काम से कोटा आए थे। तीनों रात में लौट रहे थे। गोबरीपाट में तीनों दोस्त रूककर शराब पीने लगे। पूर्व में सलमान अली पर उसके दोस्तों ने एट्रोसिटी एक्ट का मामला दर्ज कराया था। नशे में धुत होने के बाद उसी बात को लेकर सलमान का दोनों दोस्तों से विवाद हो गया। इस पर दोनों युवक एकराय होकर उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। बताया जाता है युवकों ने सलमान पर चाकू से हमला कर भाग गए। सोमवार की सुबह लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल युवक को कोटा अस्पताल में भर्ती कराया। परिजन ने युवक की स्थिति को देखते हुए रिफर कराकर बिलासपुर के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। कोटा थाना के एसआई राज सिंह का कहना है युवक के साथ हाथ मुक्का से मारपीट कर पत्थर से हमला किया गया है।

### साथियों ने युवक पर किया चाकू से हमला

**बिलासपुर।** साथियों ने युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, सिरगिट्टी नयापारा निवासी दीपक वैष्णव पिता संजय वैष्णव फैक्ट्री में काम करते हैं। 14 अप्रैल को काम करने के बाद फैक्ट्री से वह दोस्त मनीष मरावी, राजा यादव के साथ घर जा रहे थे। परसदा के पास सिरगिट्टी नयापारा निवासी कृष्णा गोंड़, सोनू गोड़ व अन्य ने पुरानी बात को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर कृष्णा गोंड़ ने उन पर चाकू से हमला कर दिया और उसके साथियों ने हाथ मुक्का से मारपीट की है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### रकम वसूलने आया युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** क्रिकेट पर सट्टा लगाने वालों से रुपए वसूलने आए युवक को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक के कब्जे से एक लाख 50 हजार रुपए जब्त किया गया है। तोरवा थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि खाईवाल के गुर्गे के सट्टे की रकम वसूली के लिए तितली चौक की आने की खबर मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर वसूली के लिए आए योगेश बोधवानी(25) निवासी शनिचरी बाजार को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शहर के बड़े खाईवाल के लिए वसूली का काम करता है। सोमवार को वह सट्टे की रकम वसूलने आया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लाख 50 हजार रुपए जब्त किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

---

**पुराने बस स्टैंड में बन रही शटल टाइप कार पार्किंग** — स्टील स्ट्रक्चर का कार्य हुआ, सिविल काम बाकी

# पेनाल्टी के बाद भी ठेका कंपनी पूरा नहीं कर पाई मल्टीलेवल पार्किंग का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी के तहत पुराने बस स्टैंड परिसर में बन रहे मल्टीलेवल कार पार्किंग का काम काफी लेटलतीफ चल रहा है और यहां तक कोलकाता की ठेका कंपनी पर पांच फीसदी राशि पेनाल्टी ठोंकने के बाद मल्टीलेवल पार्किंग का काम पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण स्थल पुराने बस स्टैंड परिसर में स्टील स्ट्रक्चर तो खड़ा हो गया है, किन्तु सिविल वर्क पूरा बाकी है।

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अंतर्गत पुराने बस स्टैंड परिसर में आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग बन रहा है। इसका काम समयावधि में पूरा नहीं हो पाया, इसलिए कोलकाता की ठेका कंपनी सिम पार्क पर टेंडर राशि के पांच प्रतिशत राशि स्मार्ट सिटी द्वारा पेनाल्टी लगाई गई है और नोटिस भी दिया गया है। बावजूद इसके मल्टीलेवल पार्किंग का काम अधूरा है।

इस काम को ठेका कंपनी को मार्च माह तक पूरा करने कहा गया था। लेकिन निर्माण स्थल पर फेब्रिकेशन स्टील स्ट्रक्चर ही खड़ा हो पाया है, जबकि अभी सिविल कार्य बाकी और मशीन, उपकरण आदि लगाना बचा हुआ है। स्मार्ट सिटी प्रबंधन द्वारा डेढ़-दो माह के भीतर काम पूर्ण करने ठेका कंपनी को कहा गया है।

### 12 करोड़ 60 लाख हो रहे खर्च

स्मार्ट सिटी अंतर्गत छत्तीसगढ़ का पहला आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण बिलासपुर के पुराना बस स्टैंड परिसर में कराया जा रहा है। यह पूरी तरह से स्वचालित आटोमेटेड शटल टाइप कार पार्किंग होगी, जिसमें ग्राउंड फ्लोर पर ले जाकर कार खड़े करते ही आटोमेटिक सिस्टम से कार ऊपरी मंजिल तक पहुंच जाएगी। स्मार्ट सिटी से कुल 12 करोड़ 60 लाख राशि की लागत से इस आटोमेटिक कार पार्किंग का निर्माण कराया जा रहा है। इसका ठेका करीब दो साल पहले हुआ था और कोलकाता के सिम पार्क नामक कंपनी को इसका ठेका मिला है। टेंडर के नियम, शर्तों के अनुसार करीब 12 माह में मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाकर देना था, किन्तु टेंडर अवधि सालभर पहले ही समाप्त हो चुका है। मल्टीलेवल कार पार्किंग का काम शुरुआत से काफी धीमा चल रहा है।

### ठेका कंपनी करेगी पांच साल संचालन

ठेका के नियम, शर्तों के अनुसार आटोमेटेड शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण पूरा होने के बाद मल्टीलेवल पार्किंग का संचालन पांच साल तक ठेका कंपनी द्वारा किया जाएगा। पुराना बस स्टैंड एरिया में ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है और पूरे दिन वाहनों की भागदौड़ यहां की सड़कों में रहती है। पुराने बस स्टैंड के आसपास पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं होने से लोग अपने कार आदि वाहनों को सड़क पर ही खड़े करते हैं, जिससे सड़क पर ट्रैफिक की समस्या पैदा होती है। मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग के बन जाने से इस एरिया में कार पार्किंग की समस्या दूर हो जाएगी।

### 80 कारों की होगी पार्किंग

बस स्टैंड शहर से तिफरा हाईटेक बस स्टैंड में शिफ्ट होने के बाद पुराना बस स्टैंड परिसर खाली पड़ा हुआ था। इस परिसर में करीब साढ़े दस हजार स्क्वेयर फीट एरिया में शटल टाइप मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाई जा रही है। यह चार मंजिला कार पार्किंग होगी, जिसमें ग्राउंड फ्लोर में बाइक पार्क किया जाएगा और पार्किंग में 80 कारों को पार्क करने की व्यवस्था रहेगी। यह आटोमेटिक पार्किंग होगी, जिसमें ग्राउंड फ्लोर में कार खड़ा करते ही लिफ्ट के माध्यम से कार फर्स्ट, सेकंड व थर्ड फ्लोर में जाकर पार्क हो जाएगा।

### सिविल वर्क बचा है

पुराने बस स्टैंड परिसर में मल्टीलेवल कार पार्किंग का काम चल रहा है। अभी तक स्टील स्ट्रक्चर वर्क हुआ है और सिविल वर्क बचा है। उसके बाद मैकेनिकल और मशीनरी का काम होना बाकी है। ठेका कंपनी को काम में लेटलतीफी के लिए नोटिस जारी किया गया है और पांच प्रतिशत राशि पेनाल्टी भी की गई है।

**-एसपी साहू,** प्रबंधक, स्मार्ट सिटी

---



# गिफ्ट की दुकान में लगी भीषण आग, पूरा सामान जलकर राख

**बिलासपुर।** सोमवार की तड़के बर्थडे गिफ्ट की दुकान में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। दो घण्टे बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया। आग लगने से दो मंजिला दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया है।

नेहरू नगर निवासी पारसराम नागवानी तेलीपारा नंदू गैरेज के पीछे मयानंद परिसर में फिंस नावेल्टी बर्थडे गिफ्ट की दुकान चलाते हैं। रविवार की रात श्री नागवानी दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार की सुबह 5 बजे मार्निंग वाक पर निकले लोगों ने उनकी दुकान से धुंआ निकलते देखा। सूचना पर कोतवाली थाने की पेट्रोलिंग पार्टी व दुकान संचालक का बेटा कमल नागवानी मौके पर पहुंच गए। दुकान का शटर खोलकर देखे तो अंदर भीषण आग लगी हुई थी। आगजनी से आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गई। दुकान में केमिकलयुक्त सामान अधिक होने से आग की लपटें बढ़ते जा रही थीं। 2 घण्टे काफी मशक्त करने पर दो दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है। दुकान संचालक का संचालक के बेटे कमल नागवानी ने बताया, दो मंजिला दुकान में रखा कीमती गिफ्ट का सामान जलकर नष्ट हो गया है। शार्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

# 46 सौ ई-रिक्शे के लिए एक चार्जिंग स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- घंटों खाली बैठकर करना पड़ता है अपनी बारी का इंतजार

शहर में दौड़ रहे 46 सौ बैटरी रिक्शा के लिए केवल एक चार्जिंग स्टेशन बनाया गया है। वेयर हाउस रोड स्थित इस चार्जिंग स्टेशन में चार्जिट पॉइंट भी सिर्फ सात दिए गए हैं। जिससे एक समय में सिर्फ सात रिक्शा ही चार्ज हो सकते हैं। शेष रिक्शा वालों को चार्जिंग के लिए वहीं घंटों खाली बैठकर अपनी बारी का इंतजार करना होता है।

शहर को पर्यावरण प्रदूषण से मुक्त रखने के उद्देश्य से सरकार ने बैटरी चलित वाहनों की बिक्री को बढ़ावा तो दिया, लेकिन बिक्री के बाद सड़को पर दौड़ रहे ई-रिक्शा की चार्जिंग की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की। शहर में आठ वर्ष पहले वेयर हाउस रोड में एक चार्जिंग पॉइंट बनाया गया था, लेकिन यह संख्या आज आठ वर्षों बाद भी इतनी ही है। बैटरी रिक्शा वाले रोज रात को अपनी रिक्शा फुल चार्ज करके सुबह अपने काम पर निकलते हैं, लेकिन दोपहर होते -होते उनकी बैटरी लो हो जाती है। वेयर हाउस रोड स्थित चार्जिंग स्टेशन में सिर्फ सात पॉइंट दिए गए हैं, जिससे एक समय में सिर्फ सात वाहन ही चार्ज किये जा सकते हैं।

ई-रिक्शा चालकों का कहना है कि सरकार व जिला प्रशासन को शहर के विभिन्न स्थानों में इसकी व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कम से कम शहर व आसपास के पेट्रोल पम्पों में भी अगर चार्जिंग की सुविधा मिल जाए तो भी उनकी समस्या काफ़ी हद तक कम हो जायेगी। उन्होंने बताया कि शहर के कई पेट्रोल पम्प ऐसे भी हैं, जो अपने यहां ई-रिक्शा की चार्जिंग करने की अनुमति दे देते हैं, जिससे इन्हें ज्यादा परेशान तो नहीं होना पड़ता, लेकिन यह सिर्फ एक वैकल्पिक व्यवस्था है। सरकार व जिला प्रशासन को ई-रिक्शा व बाईक-स्कूटी की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर अधिक से अधिक संख्या में फास्ट चार्जिंग स्टेशन खोलने की दिशा में काम करना चाहिए। बैटरी रिक्शा की तरह शहर में अब इलेक्ट्रिक बाईक और स्कूटी भी हजारों की संख्या में हैं।



### चार्जिंग की व्यवस्था कहीं नहीं

शहर में ई-रिक्शा और बाईक स्कूटी के मेन रोड व गली मोहल्लों में खुली दुकानों को मिलाकर लगभग 50 से भी अधिक शोरूम खुल चुके हैं, जहां इनकी बिक्री की जा रही है। इसके विपरीत इनके इनके चार्जिंग की व्यवस्था इनमें से किसी भी शोरूम द्वारा नहीं की गयी है। यही कारण है कि चार्जिंग के लिए ई-रिक्शा चालकों की शत-प्रतिशत निर्भरता वेयर हाउस रोड स्थित चार्जिंग पॉइंट पर ही है।

### बाइक और स्कूटी भी यहीं होती है चार्ज

बैटरी रिक्शा की तरह शहर में अब इलेक्ट्रिक बाईक और स्कूटी भी हजारों की संख्या में हैं। इनमे भी सैकड़ों की संख्या उन बाईक और स्कूटी की है, जो आसपास के गांव से हैं और यहां विभिन्न कारणों से आये हैं। इनकी बैटरी लो होने की स्थिति में ये भी चार्जिंग के लिए वेयर हाउस रोड ही आते हैं। इस दौरान ई-रिक्शा और बाईक-स्कूटी चालकों के बीच अपने वाहनों की पहले चार्जिंग को लेकर लड़ाई भी होने लगती है।

# सर्वर की समस्या, बिल का नहीं हो सका भुगतान



**बिलासपुर।** सर्वर की समस्या के चलते बिजली विभाग के एटीपी मशीनों में बिल का भुगतान नहीं हो सका। यह समस्या पूरे जिले के एटीपी मशीनों में रही। करीब 3 घंटें के बाद सर्वर बहाल हो सका, लेकिन इस दौरान बिजली उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

छुट्टी का दिन होने के बाद भी बिजली विभाग ने बकाया बिल की वसूली के लिए वितरण केन्द्र और जोन कार्यालय के एटीपी मशीनों को खोला रखा। लोगों ने इसे देखते हुए भुगतान के लिए लाइन में भी लगे रहे, लेकिन सर्वर में आई खराबी के चलते बिल का भुगतान नहीं किया जा सका। उपभोक्ता भरी गर्मी में घंटों खड़े रहे। इस दौरान पसीने से तरबतर होना पड़ा। करीब 3 घंटे बाद सर्वर दुरूस्त हो सका। तब तक कई लोग लाइन छोड़कर जा चुके थे। मंगलवार को एक बार फिर बिल पटाने के लिए लाइन लगाने की जरूरत पड़ेगी।





# मंदिर के पास शराब बेचते दो कोचियों पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पुलिस ने कोचियों से 350 लीटर शराब जब्त किया

श्रद्धलुओं के भेष में पुलिस ने मंदिर के पास दबिश देकर अवैध रूप से शराब बेचने वाले दो कोचियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 350 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया है।

बेलगहना चौकी प्रभारी भावेश सेंडे को सूचना मिली भनवारटंक मरहीमाता मंदिर के आसपास अवैध शराब बेची जा रही है। उन्होंने स्टाफ के साथ श्रद्धालुओं के भेष में मंदिर के पास दबिश देकर खुलेआम अवैध रूप से शराब बेच रहे रामचरण मरकाम पिता सुनहार सिंह मरकाम 52 साल ठोढ़ीनार, बृजेश यादव पिता गोविंद यादव 21 साल खोंगसरा निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 350 लीटर महुआ शराब व 770 रुपए बिक्री रकम जब्त की गई है। इसी तरह बेलगहना में अवैध शराब बेचने वाले शोभा बंजारे पति फलित बंजारे को पकड़कर उसके पास से 30 लीटर शराब जब्त की गई है।

रतनपुर पुलिस ने लिम्हा निवासी कृष्ण कुमार कोरम पिता गणेश सिंह कोरम 38 साल को पकड़कर 64 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। हिर्री पुलिस ने पथरिया पडरियाझाप निवासी मनोज चतुर्वेदी पिता ईतवारी 23 साल को पकड़कर 20 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने शराब जब्त कर कोचियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# सिम्स के आपात वार्ड में लगी रही लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- मरीजों को उठानी पड़ रही मुसीबत

रविवार के बाद सोमवार को भी सरकारी अस्पातालों में छुट्टी रही। सिम्स में महज दो घंटे के लिए ओपीडी सेवा में मरीजों का इलाज किया गया और 11 बजे के बाद ओपीडी बंद कर दी गई।

सोमवार को दिन होने के चलते दूर दराज से लोग 11 बजे के बाद भी इलाज के आस में पहुंचते रहे। इस दौरान आपातकालीन कक्ष में मरीजों को लाइन लगाना पड़ा। मरीजों को आधा अधूरा इलाज मिल सका। दरअसल 11 बजे के बाद पैथोलॉजी और रेडियोडाग्नोसिस बंद कर दी गई, जिससे लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह हाल कमोबेश सभी सरकारी अस्पतालों का रहा। मंगलवार को ओपीडी खुलेगी, लेकिन इस दौरान मरीजों की भीड़ अच्छी खासी रह सकती है। खास बात यह रही कि सिम्स प्रबंधन ने पहले इस बात की जानकारी प्रकाशित नहीं की थी, ऐसे में दूरदराज से ज्यादातर लोग 11 बजे के बाद अस्पताल पहुंचे। जबकि अंबेडकर जयंती के चलते ओपीडी सेवा महज 9 से 11 बजे के लिए ही खुली रही।



सिम्स में इलाज कराने पहुंचे मरीजों की ओपीडी में लगी लंबी कतार।

### मंदिर से चांदी का मुकुट चरणपादुका चोरी

**बिलासपुर।** जन्मोत्सव के दूसरे दिन हनुमान मंदिर में चोरों ने धावा बोलकर चांदी की मुकुट, चरणपादुका चोरी कर लिया। सीसीटीवी कैमरे में एक युवक चोरी करते नजर आ रहा है। फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस चोर को नहीं पकड़ पाई है। सीपत पुलिस के अनुसार, रविवार की रात ग्राम दर्राभाठा स्थित हनुमान मंदिर में पूजारी पूजा अर्चना करने के बाद दरवाजे में ताला लगाकर घर चले गए थे। देर रात चोर ताला तोड़कर अंदर घुसे और चांदी का मुकुट, चरणपादुका चोरी करने के बाद भाग निकला। सोमवार की सुबह पूजारी पूजा करने आए तब चोरी की जानकारी हुई। मंदिर में चोरी की वारदात से गांव में हड़कंप मच गया। पुलिस ने विपिन बिहारी साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। देर रात तक पुलिस चोर को नहीं पकड़ पाई थी।

# कानन जू में इंदौर से व्हाइट टाइगर पहुंचेगा कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कानन पेंडारी में दो दिन बाद व्हाइट टाइगर के परिवार में नए मेहमान की आमद होने वाली है। यह मेहमान इंदौर वन्यप्राणी संग्रहालय से लाया जा रहा है, जो कि यहां आने के बाद कानन पेंडारी का स्थायी रहवासी हो जाएगा। इसके बदले में कानन पेंडारी से चौसिंघा और भालू देने की सहमति बनी है।

कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क में वर्तमान में दो तीन व्हाइट टाइगर हैं इनमें से दो मादा और एक नर है। दो मादा में एक 10 वर्ष की बाघिन है और एक नर व एक मादा व्हाइट टाइगर इसी से जन्में हैं। इनके परिवार की वंशवृद्धि के लिए कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क प्रबंधन को एक स्वस्थ और व्यस्क सफेद टाइगर की आवश्यकता थी। एक नर और एक मादा व्हाइट टाइगर एक ही बाघिन की संतान हैं, इसलिए इनसे वंशवृद्धि आगे बढ़ाने में कानन प्रबंधन की रूचि नहीं है। अन्य व्हाइट टाइगर से ब्रीड़िंग के लिए मेल व्हाइट टाइगर की तलाश शुरू की गई। इसके लिए देशभर के जू में सपर्क किया गया था, जिसमें जानकारी मिली कि इंदौर वन्यप्राणी संग्रहालय में व्हाइट टाइगर की संख्या अधिक हो गई है और वे उन्हें देना चाहते हैं। कानन पेंडारी प्रबंधन ने इसका प्रस्ताव बनाकर सीजेडए को भेजा था, जहां से ने इसे मंजूरी दे दी गई है। इंदौर वन्यप्राणी संग्रहालय प्रबंधन ने वाइट टाइगर के बदले में कानन पेंडारी से चौसिंघा और भालू की मांग की है। वर्तमान में कानन पेंडारी में 16 चौसिंघा हैं। इनमें से दो मादा और एक नर चौसिंघा देने पर सहमति बनी है। बताया जा रहा है कि इंदौर से वन्यप्राणी संग्रहालय की टीम बाघ को लेकर रवाना हो चुकी है, एक दो दिन में वे लोग यहां पहुंच जाएंगे।



# बिना अनुमति नलकूप खनन करते दो वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्राम पंचायत खरकेना में बिना अनुमति के बोर खनन में लगी दो गाड़ियां जब्त कर ली गईं। जिले में पानी की कमी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर द्वारा बिना अनुमति बोर खनन प्रतिबंधित किया गया है।

तखतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकेना में सोमवार को अवैध रूप से बोर खनन में लिप्त दो बोर गाड़ियों को जब्त कर लिया गया। भीषण गर्मी के कारण पानी की किल्लत को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही बगैर स्वीकृति के बोर खनन करने पर प्रतिबंध लगाया था। इस दौरान शासकीय एजेंसी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरीय निकायों को बोर खनन की अनुमित है। इसी तरह अति आवश्यक होने की स्थिति में आम नागरिकों को नियामानुसार आवेदन प्रस्तुत करने व स्वीकृति प्राप्त होने की दशा में ही बोर खनन करने के निर्देश दिए गए थे। इधर सोमवार को कलेक्टर अवनीश शरण को सकरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकेना में गैर स्वीकृति अवैध रूप से बोर खनन होने की शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत पर उन्होंने सकरी तहसीलदार आकाश गुप्ता को तत्काल मौके पर रवाना किया। तहसीलदार ने खरकेना पहुंचकर बोर खनन में संलिप्त लोगों से स्वीकृति के कागजात दिखाने को कहा, लेकिन उनके पास कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। ऐसी स्थिति में तहसीलदार के निर्देश पर बोर खनन में संलिप्त दोनों गाड़ियों को जब्त कर हिर्री थाने में खड़ी कर दी गई। इस मामले में जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ जल परिरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।



14 korba-pg3_Layout 1 4/14/2025 11:01 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### सत्य विकास समिति ने मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

सत्य विकास समिति कटघोरा के अगुवाई में बाबा साहेब डॉ भीम राव आंबेडकर की 134वीं जन्म दिवस समिति के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रामविलास कुर्रे के कार्यालय में मनाया गया। इस दौरान समिति के संरचक रामखेलावन कुर्रे, सचिव एस एन शिव, वरिष्ठ युवा नेता हसन अली, रोशन मोहम्मद, एच आर निराला, केएल डहरिया, अशोक रावटे, छवि लहरे, जीवन मिरी, सुनील कुर्रे, सीआर खूंटे, आरएल भारद्वाज, देवेंद्र काटले, यश कुर्रे उपस्थित रहे।

### सराइसिंगार में मनी डॉ. अंबेडकर की जयंती



ग्राम पंचायत सराईसिंगार में बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। मुकेश जायसवाल ने बाबा साहब के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला प्रत्येक मानव,देश के लिए समानता एकता और भारतीय संविधान के निर्माता बने। इस अवसर पर मुकेश जायसवाल उपाध्यक्ष जिलापंचायत प्रतिनिधि, अनिल टंडन जनपद सदस्य प्रतिनिधि, सोनसाय भैना सरपंच सराईसिंगार रामप्रसादयादव उपसरपंच, छोटेलाल पटेल जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, पंकज धुर्वा , बजरंग यादव, नरेंद्र अहिर , सुरेश नामदेव, पंचगण फिरोज खान ,छत्रभान राठौर, रामायण यादव, श्यामलाल यादव, प्रमोद कुमार भैना, बिनोद भैना, जागेलाल, सुनील कुमार भैना, पुरन देवार, दुजेराम टंडन, सहित ग्रामवासी व पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### रासेयो ने गोढ़ी में मनाया डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोढ़ी तथा भैसमा की रासेयो इकाइयों द्वारा बाजार पारा चौक गोढ़ी में अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रामपुर विधानसभा के विधायक फूल सिंह राठिया, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक वाय के तिवारी उपस्थित थे जिन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में न्याय, समता और कर्मठता के विचार के विस्तार की बात कही। अतिथियों ने बाबासाहेब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर अपनी श्रद्धांजलि प्रगट की। उपस्थित समुदाय तथा स्वयंसेवकों को रासेयो के पूर्व स्वयंसेवक तथा व्याख्याता डॉ. सुरेन्द्र कुमार खूंटे ने कहा कि बाबा साहब ने एक ऐसा सामाजिक आन्दोलन चलाया जो समता ,स्वतंत्रता,बंधुता व सामाजिक न्याय पर आधारित था।

### फरसवानी में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



**मड़वारानी।** ग्राम पंचायत फरसवानी के समाजसेवी नागरिकों द्वारा संचालित अग्रणी सेवा संस्थान ग्राम सेवा समिति के तत्वाधान में ग्राम संजयनगर (फरसवानी) सेवानिवृत्त एसईसीएलकर्मचारी जगतराम यादव द्वारा निर्मित मंदिर में भव्य श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान श्री हनुमान मंदिर में भजन संध्या के माध्यम से रामचरितमानस के सुंदरकांड का पाठ एवं भक्तिमय भजनों ने ग्रामीणों का मन मोहा। वहीं श्री हनुमान जी का रूप धारण कर झांकी के रूप में आए धनंजय राठौर के नृत्य ने सबका ध्यानाकर्षण किया। समिति के सक्रिय सदस्य शेखर श्रीवास ने जन्मोत्सव कार्यक्रम के लिए विशेष केक का सहयोग प्रदान किया जिसे काटकर श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसके साथ ग्रामीणों ने श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में जयनारायण सोनार ने केले प्रसाद का सहयोग प्रदान किया। वहीं प्रत्येक मंगलवार को कीर्तन भजन कर आरती में सम्मिलित होने वाले सक्रिय सदस्य राजू राठौर, राकेश श्रीवास, मनोज राठौर, अमन सोनी, मुकेश राठौर, निमेश राठौर की ओर से खीर एवं जलेबी के प्रसाद वितरित किया गया। जिसके बाद श्री हनुमान जी की महाआरती में शामिल होने ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आरती के पश्चात उपस्थित ग्रामीणों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम सेवा समिति के सदस्य जगतराम यादव, जयनारायण सोनार, पप्पू राठौर जनपद सदस्य, प्रहलाद बियार, संतोष गोंड, तबला वादक महावीर महंत, राजू राठौर, राकेश श्रीवास, मुकेश राठौर, मनोज राठौर, अमन सोनी आदि उपस्थित थे।

## डॉ. अंबेडकर जयंती पर सामाजिक समरसता दिवस कार्यक्रम

# संविधान रहेगा तो हम रहेंगे, संविधान से ही देश चल रहा : लखनलाल



कलेक्टोरेट में आयोजित कार्यक्रम में माल्यार्पण करते उद्योग मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज का दिन गौरवान्वित होने का दिन है। आज पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी बाबा साहेब की जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। बाबा साहेब ने देश की संविधान की रचना की। आज देश इसी संविधान से संचालित हो रहा है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और महान संविधान है, हम सभी की रक्षा इसी संविधान से होती है। संविधान रहेगा तो हम रहेंगे। संविधान से हमे आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

उक्त बातें श्रम एवं वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन ने सामाजिक समरसता दिवस एवं डॉ. भीमराव आम्बेडकर जयंती के अवसर पर कही। उन्होंने सभी को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया और संविधान की रक्षा के प्रति संकल्पित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वर्चुवली जुड़ कर सभी को संबोधित किया। श्री देवांगन ने समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने पांच ग्राम पंचायतों करमंदी, जामबहार, बेला, गोढ़ी और केरा कछार को अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केंद्र से एमओयू का प्रमाण पत्र प्रदान किया। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर आज सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान संविधान की उददेशिका का भी वाचन किया गया। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल ने भी संबोधित किया।

### इनका हुआ सम्मान

यूआर महिलांगे, आरडी भारद्वाज, जय कुमार लहरे, वेद राम चंद्राकर, संत दास दिवाकर, बसंत राम टंडन, मनीराम जांगड़े, बबलू डहरिया, सरजू अजय, चैतराम बघेल, अनंत कुमार, मनोज सिंह भारिया, रमेश सिरका, निर्मल सिंह राज, राजेश्वर तानु, नरेश टंडन को सम्मानित किया गया। जनार्दन, दीप्ती कंवर, सुमीत वर्मा, हरीश साहू, सम्मे कश्यप को सम्मानित किया गया।

### डॉ. अंबेडकर जयंती में निकली शोभायात्रा, स्टेच्यू का अनावरण



डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 134वीं जयंती के अवसर पर भद्रापारा बालको नगर में डॉ भीमराव अंबेडकर के आदमदक प्रतिमा का अनावरण रमेश जाटवर द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुबह 10 बजे से पूरे नगर में शोभायात्रा निकाली गई। तत्पश्चात बाबा साहब के स्टेच्यू का अनावरण किया गया। अतिथि के रूप में भागवत दिवाकर, केआर धारी, मंगलू घृतलहरे, पी आर घृतलहरे, राजेश्वर पाटले, शंभू सोनवानी, मंगलू घृतलहरे उपस्थित रहे। इस अवसर पर धर्मेंद्र महिलांगे के द्वारा सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रमेश जाटवर ने कहा कि आइए हम सब उनके द्वारा दिखाए गए आदर्शों, दर्शन और सिद्धांतों को बनाए रखने और संरक्षित करने का संकल्प लें, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। बाबा साहब के स्टेच्यू को लगाने में अरविंद सक्सेना, मोहन सांडे, तिजराम अंचल, कोमल टंडन, राजू टंडन, जेपी घृतलहरे, गुरुदयाल जांगड़े, चेतन जांगड़े, मोना घीर्रे, सरिता जांगड़े उपस्थित रहे।

### बाबा साहब प्रखर राष्ट्रवादी और राष्ट्र भक्त थे : वीरेंद्र

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा भारतीय संविधान के 75 वर्ष की यात्रा के थीम पर डॉ बीआर अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह प्रगति मैदान दिल्ली स्थित भारत मंडप में आयोजित की गई। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय सामाजिक और न्याय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि संविधान के निर्माण में समाज सुधारक, विधिवेत्ता अर्थशास्त्री, विचारक प्रकांड विद्वान बाबा साहब डॉ अंबेडकर की योग दान को भुलाया नहीं जा सकता। वे एक महान राष्ट्र भक्त थे। उन्होंने सभी धर्मों के एक संविधान बनाये और सभी के लिए समता, स्वतंत्रता और समान न्याय सुनिश्चित किया। व्याख्यान माला को आयोग के सदस्य लवकुश कुमार और वड्डेपल्ली रामचन्द्र ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गुड़े श्रीनिवासन, आरपी खांडे, केपी पाटले, सुंदर लाल, विजयकुमार, सुखदेव राम सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।




### जिला कांग्रेस कार्यालय में मनी डॉ. अंबेडकर जयंती




डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने दलित एवं बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और दलितों के खिलाफ सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री एवं भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार थे। उक्त बातें पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने डॉ. अम्बेडकर की 134वीं जयंती अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम को पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थु लाल यादव, जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान, पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी, कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने संबोधित किया। इस मौके पर प्रदीप पुरायणे, पुष्पा पात्रे, संतदास दिवाकर, कृपाराम साहू, एफडी मानिकपुरी, मुकेश राठौर, अवधेश सिंह, लक्ष्मी नारायण देवांगन, विकास सिंह, राकेश पंकज, गजानंद साहू, रवि खुंटे, अनुज प्रसाद जायसवाल, शांता मंडावे, रवि खुंटे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर हुए विभिन्न प्रतियोगिता



हेलीपेड मुड़पार स्थित चौहान समाज के सामाजिक भवन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 134वीं जयंती समाज के पदाधिकारी व समाज के लोगों की उपस्थिति में मनाई गई। इस दौरान समाज के छात्र छात्राओं के लिए चित्रकारी, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संरक्षक प्यारे लाल चौहान ने डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन एवं उनके द्वारा समाज उत्थान के लिए किये गये योगदान को बताया। इस अवसर पर नवधालाल चौहान, करम लाल चौहान, पन्ना लाल चौहान, धरमपाल, शिवकुमार, मुकेश चौहान, धनेश्वर चौहान एवं धनंजय चौहान सहित समाज की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मड़वारानी में कंवर समाज द्वारा मनाई गई जयंती




14 अप्रैल को देश भर में भारतरत्न बाबासाहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जन्म जयंती मनाया गया और इसी उपलक्ष्य में मड़वारानी में कंवर समाज के अधिकारी कर्मचारी (सेवारत एवं सेवा निवृत्त) कंवर कल्याण प्रकोष्ठ पाँचगढ़ (बारहो, चौबीस, खालसा, सक्ति, चाम्पा) द्वारा कंवर भवन में महान कानूनविद, समाजसेवी, संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मनाया गया और उसके उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कंवर समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पदाधिकारी के अलावा अन्य सदस्य मौजूद थे तथा कंवर समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति, अधिकारी कर्मचारी युवा और महिलाएं एवं पत्रकारगण उपस्थित होकर डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया व उनकी जीवनी तथा उनके विचारों को मंच के माध्यम से साझा किया। संगोष्ठी में विशेष रूप से जिला पंचायत कोरबा वन विभाग के सभापति सावित्री अजय कंवर उपस्थित होकर डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के समाज के प्रति सेवाभाव सद्भाव तथा समभाव व शिक्षा के प्रति उनके विचार को साझा किया।

### डॉ. अंबेडकर के रास्ते में चलने का लिया संकल्प



भारतीय सफाई कर्मचारी महासंघ के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सिकन्दर उसर वर्षा तथा जिला अध्यक्ष देव बैरीसाल ने संविधान निर्माता के रुप में पहचान बनाने वाले डॉ भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए रास्तों पर चलकर समाज उत्थान करने के लिए कार्य करने का आहवान कार्यक्रम में उपस्थित महासंघ के सदस्य व आमजनों से किया। इस अवसर पर मनोज मोगरे, उमेश मोगरे, रमेश तांबे उपस्थित थे।

### बांकीमोंगरा भाजपा मंडल ने मनाया डॉ. अंबेडकर जयंती



भारतीय संविधान के निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर का 134वीं जन्म जयंती बांकीमोंगरा मण्डल के अध्यक्ष उदय शर्मा के नेतृत्व में अंबेडकर नगर में स्थापित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा माल्यार्पण कर मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ भारतीय जनता युवा मोर्चा विकास झा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश झा, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व एल्डरमैन अजीत केवट, अश्वनी साहू, सुंदर बंजारे, संजय दास, रामकुमार यादव, करण दास, हेम सिंह कंवर, जितेंद्र यादव, प्रणव मिश्रा, अनीता राजपूत, कविता यादव, गौरी केवट, आशा केवट, वार्ड पार्षद प्रमिला सायतोड़े, हरीश सायतोड़े, प्रमोद सोना, बली यादव, राजकुमार, अनुपम दास, रमेश अग्रवाल, निखिल सीगोटिया, मंगलू जनार्दन, विष्णु शर्मा, सुनील कुमार साहू, संतोष कुमार शर्मा, सरोज शर्मा, सुनील श्रीवास, मनीष यादव, हिमांशु मल्होत्रा उपस्थित रहे।

## स्काउट आंदोलन छात्रों और युवाओं को देश का सुनागरिक बनाता है : तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सोमवार को केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने हिमालय वुड बैज रियूनियन तथा सेमिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्काउट एक ऐसा आंदोलन है जो छात्रों और युवाओं को देश का सुनागरिक बनाता है।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा एक दिवसीय हिमालय वुड बैज रियूनियन तथा सेमिनार का आयोजन बिलासपुर में किया गया। शुभारंभ सत्र में मुख्य अभ्यागत के रूप में अपनी उपस्थिति देते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि स्काउटिंग छात्रों, युवाओं में आत्मविश्वास उत्पन्न करने का बेहतर माध्यम है। आत्मरक्षा, स्वालंबन और देश व समाज सेवा के साथ स्काउटिंग अनुशासन से अपना कर्तव्य करना भी सिखाती है। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियां विभिन्न कार्यक्रम और शिवरों के माध्यम से गतिशील है। चाहे प्रशिक्षण शिविर हो, हाइक हो, एडवेंचर कैंप हो या राज्यपाल अवार्ड हो। रियूनियन तथा सेमिनार में राज्य के 32 जिलों से 200 की संख्या में हिमालय वुड बैज योग्यताधारक लीडर्स सम्मिलित हुए। इस दौरान ऑनलाइन पंजीयन, प्रगतिपथ, स्काउटिंग में होने वाले नई शिक्षा नीति के तहत विषय, राज्य पुरस्कार की तकनीकी जानकारी, स्काउटर, गाइडर विकासात्मक जानकारी, आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई तथा अन्य विषयों पर चर्चा हुई। कोरबा जिले से उक्त आयोजन में एचडब्ल्यूबी लीडर्स फरेम डहरिया, आरपी दुबे, भागीरथी श्रीवास, भूपेन्द्र वर्मा, स्मृति मिश्रा, सरोज धीवर सम्मिलित हुए।

## प्यासे लोगों को शीतल शरबत उपलब्ध कराना पुनीत कार्य : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व राजस्व मंत्री राजस्व मंत्री ने कांग्रेस कार्यालय के सामने शीतल शरबत का शुभारंभ किया। शीतल शरबत का संचालन शांति देवी मेमोरियल सोसाइटी के द्वारा किया जाएगा। इस दौरान श्री अग्रवाल ने राहगीरों को शरबत पीलाया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यास से बेहाल लोगों को शीतल पेयजल व शीतल शरबत उपलब्ध कराना पुनीत कार्य है। यह कोरबा का प्रमुख मार्ग है और अब यहां पर राहगीरों को इस गर्मी के मौसम में प्रतिदिन शीतल शरबत मिलेगा।

पिछले कई वर्षों से जयसिंह अग्रवाल के द्वारा उक्त स्थल पर प्रतिवर्ष शीतल जल व शीतल शरबत का निःशुल्क वितरण कराया जाता है। लोगों ने इस पुनीत कार्य को नेक कार्य बताया और इस नेक कार्य की क्षेत्रवासियों ने सराहना की। इस मौके पर पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद कहा कि जलदान ही महादान की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए शीतल शरबत मंदिर का संचालन कराया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने बताया कि प्रतिदिन यहां भिन्न-भिन्न फ्लेवर के शरबत का वितरण कराया जाता है। जिसमें मैंगो, ऑरेंज, नींबू, चीकू, अनानास आदि फ्लेवर होंगे। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थू लाल यादव, क्षत्रिय राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह उपस्थित रहे।



शीतल शरबत का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री।

## मितानिन प्रशिक्षकों ने मातृत्व सुरक्षा पर साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ करतला

स्वास्थ्य विभाग और सी3 इंडिया के समन्वय से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सी 3 इंडिया के ब्लॉक समन्वयक सुदेश कुंभकार के द्वारा संस्थागत परिचय देते हुए 11 अप्रैल को मनाये जाने वाले सुरक्षित मातृत्व दिवस पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाने का उद्देश्य मातृत्व स्वास्थ्य को बेहतर बनाने हेतु मौखिक और शारीरिक दुर्व्यवहार और भेदभाव से सुरक्षा शामिल हैं तथा उन्हें मातृ स्वास्थ्य अधिकारो के बारे में जागरूकता बढ़ाकर इसे बेहतर बनाया जा सकता है। महिलाओं की गर्भावस्था में मृत्यु को कम करने एवं गरिमामय मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत व गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग, मितानिन कार्यक्रम और सेंटर फार कैटेलाइंजिंग चेंज(सी3)द्वारा सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर महिला केंद्रित गरिमामय स्वास्थ्य देखभाल पर विस्तार से बताते हुए गर्भधारण से प्रसव तक और उसके बाद माताओं और बच्चों के देखभाल और सुरक्षा की श्रेणियों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसे अपने व्यवहार में बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही गर्भवती महिला के पंजीयन से लेकर नियमित प्रसवपूर्ण जांच और प्रसव के बाद तक की पूरी प्रक्रिया को फॉलो करना ही मातृत्व की सुरक्षा है,इसके लिए एचआरपी की पहचान, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, एएनसी जांच हेतु केन्द्रों में टेबल और पर्दे लगवाने के साथ साथ लाभार्थी के नार्मल और सीजेरियन प्रसव कराने की सुविधा निरंतर सुविधा बढ़ाने दिशा में सकारात्मक प्रयास करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर करतला मितानिन कार्यक्रम के ब्लॉक समन्वयक मनहरण पटेल, द्वारिका ध्रुव, एसपीएस गेंदबाई साहु एवं मितानिन प्रशिक्षक मदन लाल श्रीवास, महावीर पटेल, तुलसीराम रात्रे, अनुपमा महंत, रामकुमार साहू, सभी एमटी साथी एवं एरिया समन्वयक राजेंद्र पटेल, मितानिन सुमन वालंटियर सहित लाभार्थी उपस्थित थे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित मास्टर ट्रेनर व मितानिन।

## ऑफलाइन आंकलन में बच्चों का परखा गया शैक्षणिक स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एफएलएन टास्क अंतर्गत आफलाइन अवलोकन हेतु डाइट प्रभारी किरण लता शर्मा, एसआर प्रिया दुबे, एसआरजी संतोष कर्ष, डीआरजी तीजराम पटेल, जितेंद्र कुमार भारद्वाज एंव संकुल समन्वयक लेपरा, सीएसी संघ अध्यक्ष पोंडी उपरोड़ा पीला साव साहू एवं नंद कुमार राज के साथ विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के शासकीय प्राथमिक शाला नानलेपरा का आकलन किया गया। मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर पश्चिम दिशा पर स्थित है यहां पर दो शिक्षिका श्रीमती सविता लता एंव श्रीमती माधुरी तंवर पदस्थ हैं। यहां बच्चों की कुल संख्या 58 है जहां पर कक्षा 2 के बच्चों को एफएलएन अंतर्गत टास्क दिया गया था जिसमें 14 में 12 बच्चे उपस्थित रहे। आंकलन में शाला स्टाफ के साथ साथ एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती संतोषी धनवार एवं एसएमसी सदस्यों की सहभागिता रही, जिन्होंने बच्चों को विद्यालय लाने में सहयोग प्रदान किया।



## खबर संक्षेप



### ढेलवाडीह में हुआ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

**ढेलवाडीह।** श्री बाल हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर सर्व सनातन समाज ढेलवाडीह के तत्वाधान में बीकन खेल मैदान में सामूहिक चालीसा पाठ व महाआरती का आयोजन हुआ जिसमें एस.ई.सी.एल के उपक्षेत्रीय प्रबंधक डी.एस.बी एन.के राय व सिंघाली खान प्रबंधक खूंटे ने भी शिरकत की, और अपने नैतिक व धार्मिक जीवन के विचार प्रेरणा से जनों को अवगत कराया व शुभकामनाएं दीं ।जन्मोत्सव के सह कार्यक्रम में प्रतिभाओं के सम्मान हेतु अतिथि कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, कटघोरा न.पा अध्यक्ष राज जयसवाल, कटघोरा ब्लॉक अध्यक्ष गोरे लाल व न.पा बांकी मोंगरा के नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास ने श्रेष्ठ सुसज्जित भारत का प्रशस्ति चिन्ह भेंट किया, जिसमें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को, कीर्तन मंडली की माताओं को, जीव संरक्षण संकल्पित गौसेवकों को, धर्म संचार हेतु अग्रसर मानस अमृत मंडली, नैतिक शिक्षण दल, प्रभुजन सेवकों को व निस्वार्थ भगवन सेवकों को मंच पर सम्मानित किया । उक्त आयोजन में प्रमुख रूप से कटघोरा भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष रंजीत सिंह, मंडल महामंत्री ईश्वर यादव, श्याम सिंह, निखिल उसरवर्षा, मेघेश चंद्रा, सुयश सिंह, कुमार साहू, विकास बर्मन, अंकित चौहता, निखिलेश्वर साहू, रामगोपाल कंवर, लोकेश चंद्रा, नंद किशोर पंडित, पीयूष राणा, दीपक वर्मा व ग्राम व कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शारीरिक प्रधान कार्यक्रम



**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शारीरिक प्रधान कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों को शारीरिक कार्यक्रम इसलिए सिखाया जाता हैं ताकि उसमे से संगठन के गुणों की वृद्धि हो। हिंदू समाज में जहां अपने लोगों से ठीक व्यवहार होता है वहाँ पूर्ण अहिंसा का पालन भी करना चाहिए। शाखाओं में होने वाले विभिन्न शारीरिक विषयों का प्रदर्शन एमपी नगर दशहरा मैदान परिसर में संपन्न हुआ। इस दौरान नियुद्ध, यष्टी, दंडयुद्ध, योगासन, पदविन्यास, सामूहिक समता, घोष आदि विषयों का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। जिसमें 150 स्वयंसेवकों की सहभागिता पूर्ण गणवेश में रही। जिले में दूसरी बार इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि राम नरेश दुबे, वक्ता नारायण नामदेव, सह प्रांत प्रचारक छत्तीसगढ़ प्रांत रहे। मंच पर विभाग संघ चालक सत्येंद्रनाथ दुबे एवं नगर संघचालक अशोक तिवारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पार्षद हितानंद अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष योगेश जैन सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रविवार का साप्ताहिक बाजार अब लगेगा मेला मैदान में



**कटघोरा।** नगर नगर में प्रत्येक रविवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार अब गायत्री मन्दिर के साथ मुख्य मार्ग की बजाय मेला मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह निर्णय नगर पालिका परिषद और नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल की संयुक्त बैठक में लिया गया है। इस फैसले का उद्देश्य शहर के मुख्य मार्ग पर यातायात दबाव को कम करना और सड़क किनारे बेतरतीब सब्जी दुकानों से होने वाली अव्यवस्था को समाप्त करना है। पिछले कुछ समय से देखा जा रहा था कि गायत्री नादिर के साथ साथ मुख्य सड़क किनारे लगने वाले दुकानों के कारण वहां भारी भीड़ जमा हो रही थी, जिससे न केवल ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी, बल्कि दुर्घटना की आशंका भी लगातार बनी रहती थी। नगरवासियों की सुरक्षा और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के मद्देनज़र नगर पालिका ने यह ठोस कदम उठाया है। नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला मैदान में पर्याप्त स्थान उपलब्ध है, जहाँ व्यवस्थित रूप से दुकानों को लगाया जा सकेगा। इससे न केवल व्यापारियों को उचित जगह मिलेगी, बल्कि ग्राहक भी सुगमता से खरीदारी कर सकेंगे। इस निर्णय की जानकारी नगर पालिका द्वारा पूरे शहर में मुनादी कराकर दी गई है, ताकि किसी को असुविधा न हो और सभी व्यापारी व ग्राहक समय रहते नए स्थान पर बाजार में पहुँच सकें। नगर पालिका की इस पहल की शहरवासियों ने सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इससे नगर में यातायात व्यवस्था सुगम होगी और साप्ताहिक बाजार भी अधिक व्यवस्थित रूप से संचालित हो सकेगा।

## हर साल गर्मी के सीजन में इस तरह के होते हैं हादसे

# आखिर कैसे रुके हादसे, ग्रामीण क्षेत्रों में पिकअप वाहनों में ही ठूंस-ठूंस कर ढोई जाती हैं सवारी



फाइल फोटो

**केस 1** मई 2024 को चौथिया जाने के दौरान लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत सतरेंगा के समीप एक पिकअप वाहन पलट गई थी। जिसमें 70 वर्षीय कोदोराम की घटनास्थल पर मौत हो गई थी जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए थे। बताया जाता है कि पिकअप वाहन में लगभग 30 लोग सवार थे।

**केस 2** दिसंबर 2024 को एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत घुमानीडांड हरनमोड़ के पास पलट गई थी। जहां इस हादसे में एक मासूम बच्चे की मौत हो गई थी जबकि 25 लोग घायल हुए थे। ग्राम बनखेता के कासामार के रहने वाले लोग पिकनिक मनाकर वापस लौट रहे थे इस दौरान यह हादसा हुआ था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में सवारी वाहन के रूप में लोग अक्सर पिकअप, ट्रैक्टर जैसे वाहनों का इस्तेमाल करते हैं और उसमें बड़े पैमाने पर लोगों को बिठाते हैं और अक्सर हादसे के शिकार हो जाते हैं। आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में शादी का सीजन शुरू होने वाला है और ऐसे में ज्यादातर लोग शादी समारोह या फिर अन्य जगह आने-जाने के लिए पिकअप वाहन का ही इस्तेमाल करते हैं और हर साल पिकअप वाहन में आने जाने के दौरान पिकअप पलटने या फिर दुर्घटना के दौरान कई लोगों की मौत हो जाती है। एक दिन पहले ही पिकअप वाहन में इसी तरह का हादसा सामने आया है जो सीधे नहर में गिर गया था और जिसमें से 4 लोगों का शव बरामद कर लिया गया है और अब तक एक लापता है।

**खास बात**

- बारात चौथिया सहित अन्य कार्यक्रमों में जमकर किया जाता है उपयोग

उल्लेखनीय है कि गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है और अप्रैल के महीने से ही ग्रामीण क्षेत्रों में शादी का सीजन शुरू होता है। खासतौर पर मई और जून के महीने में सबसे ज्यादा शादियां ग्रामीण क्षेत्रों में होती है और संसाधन की कमी के कारण लोग ग्रामीण क्षेत्र में बारात आने जाने या चौथिया के दौरान आने-जाने के लिए लोग ग्रामीण क्षेत्रों में पिकअप वाहन का इस्तेमाल करते हैं और नौसीखिया चालक वाहन को चलाते हैं और खास बात यह होती है कि पिकअन वाहन में 5-7 लोग नहीं बल्कि ठूस ठूस कर दो दर्जन से अधिक लोगों को भर दिया जाता है और अक्सर हादसे के शिकार हो जाते हैं। रविवार को जिले के उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर में इसी तरह की घटना सामने आयी है। जिसमें एक पिकअप वाहन में 25 लोग सवार थे जिसमें से कुल पांच लोग लापता थे। घटना की शाम एक का शव बरामद हुआ था तो दूसरे दिन सोमवार को 3 और लापता लोगों का शव बरामद कर लिया गया है लेकिन अब तक एक अब भी लापता है। अब फिर से दोबारा ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए आने वाले दिनों में पुलिस, जिला परिवहन विभाग सहित संस्थाओं को इस तरह की सवारी करने वाले वाहन चालक को सबक सिखाना चाहिए और ग्रामीण क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चला कर ऐसे पिकअप वाहनों का बारात या फिर चौथिया में इस्तेमाल ना हो इस दिशा पर प्रयास करना चाहिए ताकि इस तरह के हादसों पर विराम लगाया जा सके।

# एसपी ने की सिविल लाइन थाने की लंबित शिकायतों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा सिविल लाइन थाने की लंबित शिकायतों एवं प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रकरणों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ प्रकरणों में अनावश्यक विलंब एवं कार्य में लापरवाही बरती गई है। मामलो में कार्रवाई में कोताही पाए जाने पर सहायक उपनिरीक्षक विमलेश भगत के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की गई है। साथ ही संबंधित प्रकरणों में लापरवाही को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी से भी स्पष्टीकरण लिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा एएसआई विमलेश भगत द्वारा लंबित रखी गई शिकायतों पर कार्रवाई कर प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए, जिसके अनुपालन में थाना सिविल लाइन में तीन मामलों में एफआईआर दर्ज की गई।

### कुसमुण्डा थाना का भी किया निरीक्षण



इसी तरह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने सोमवार को कुसमुंडा थाना का वार्षिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण, मालख़ाना, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस प्रणाली सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधार बिंदुओं पर भी स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लंबित शिकायतों के शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण हेतु निर्देश दिए तथा थाना प्रभारी को नियमित रूप से ग्राम भ्रमण कर आमजन से संवाद स्थापित करने के निर्देश भी प्रदान किए।

# पुलिस की चौपाल में ग्रामीणों ने लगाई फरियाद तस्कर को पकड़कर अवैध धंधे को कराया बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश भर में राज्य सरकार द्वारा आम जनता के लिए सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आम जनता के लिए फरियादियों को थाना चौकी तक न आना पड़े इसके लिए पुलिस भी गांव में चौपाल लगाकर जनता की फरियाद सुन रही है। इसी कड़ी में दीपका पुलिस ने दो दिनों पहले गांव में चौपाल लगाया था जहां थानेदार को ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि कुछ ग्रामीण गांव में शराब की तस्करी कर शराब का अवैध धंधा कर रहे हैं फिर क्या था थानेदार ने तत्काल एक्शन लेते हुए गांव में इस अवैध कारोबार को अंजाम देने वाले ग्रामीण को धरदबोचा था तो वहीं दूसरे गांव से सप्लाई करने वाले दो ग्रामीणों को शिविर के दूसरे दिन ही धरदबोचा है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के कब्जे से पुलिस ने 30 लीटर महुआ शराब जप्त करने में सफलता हासिल की है।

**खास बात**

- जिला पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाई मुहिम, 9 आरोपियों से 101 लीटर महुआ शराब जब्त



पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी स्वयं थाने पहुंचकर थाने के पेंडेंसी मामलों को निपटा रहे हैं तो वहीं पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी के निर्देश पर थानेदार चौपाल भी लगा रहे हैं। बताया जाता है कि दो दिन पहले ही दीपका थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहू द्वारा ग्राम नोनबिर्रा में चौपाल लगाया गया था। जहां ग्रामीणों ने थानेदार श्री साहू को सूचना दी कि गांव में रहने वाले अश्वनी कुमार कंवर द्वारा ग्राम उड़ता से अवैध शराब लाकर गांव में शराब बेचने का गोरखधंधा किया जा रहा है। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है यह सुनते ही दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने तत्काल अश्वनी कुमार को धरदबोचा था और उसके कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब जप्त किया था। इस बीच थानेदार श्री साहू को यह जानकारी मिली कि ग्राम उड़ता में रहने वाले कुछ ग्रामीणों द्वारा ग्राम नोनबिर्रा में शराब की सप्लाई की जाती है और उनके ही द्वारा गांव में इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जाता है फिर क्या था सोमवार को दीपका थाना प्रभारी श्री साहू ने तस्करी करने वाले दो तस्करों को धरदबोचा है। पकड़े गए तस्करों में ग्राम उड़ता निवासी बृहस्पति कंवर उम्र 30 वर्ष पिता सुशील कंवर और अजय कंवर उम्र 22 वर्ष पिता समार सिंह कंवर शामिल हैं जिनके कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं एक मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। इसी तरह हरदीबाजार पुलिस द्वारा ग्राम बोईदा निवासी कुमारी बाई मरावी पति महेन्द्र मरावी के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया है तो उरगा पुलिस द्वारा पहाड़गांव निवासी इतवारी सिंह धनवार उम्र 60 वर्ष पिता संतराम के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। कटघोरा पुलिस द्वारा ग्राम संत फलाहारी, छुरीकला निवासी देवांश उर्फ दिव्यांश देवांगन उर्फ करील, पिता अरुण कुमार से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं भैसामुड़ा निवासी ज्ञान सिंह बिजवाड़ पिता दुहन सिंह बिजवाड़ के कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। दर्री पुलिस द्वारा फर्टिलाइज़र बस्ती निवासी अर्जुन निषाद उम्र 35 वर्ष पिता मनीराम निषाद के कब्जे से 15 पाव देशी मदिरा शराब जप्त किया गया है तो करतला पुलिस द्वारा बेलभाठा निवासी नागेश्वरी उरांव उम्र 35 वर्ष पति अजय उरांव के कब्जे से 4 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है।

# तेज रफ्तार पिकअप गिरी थी नहर में 4 लोगों का शव बरामद, एक लापता



शव बरामद करते हुए पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिला सक्ती में रहने वाले लगभग 25 लोग रविवार को एक छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह पिकअप वाहन में सवार होकर उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरहरी के लिए रवाना हुए थे। जहां सुबह लगभग 11:30 बजे तेज रफ्तार पिकअप वाहन नहर में मुकुंदपुर के पास वाहन पलट गई थी और पिकअप वाहन में सवार लगभग 20 लोग सुरक्षित बाहर निकल गए थे जबकि 5 लोग लापता हो गए थे। पांच लापता लोगों में से 4 लोगों का शव पड़ोसी जिले सक्ती के ग्राम नगरदा के नहर से शव को बरामद कर लिया गया है। जहां वैधानिक कार्रवाई के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

**खास बातें**

- रविवार को उरगा थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर के समीप हुई थी घटना
- सोमवार को 3 लोगों के शव को नगरदा से किया गया था बरामद

ज्ञात रहे कि पड़ोसी जिला सक्ती थाना बाराद्वार के ग्राम रेड़ा निवासी लगभग 25 लोग पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 7720 में सवार होकर रविवार की सुबह छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरहरी रवाना हुए थे। जहां तेज रफ्तार पिकअप वाहन रविवार को अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरे तरफ बने नहर में जा गिरी थी। वहीं पिकअप में सवार ईतवारी बाई 60 वर्ष, तान्या साहू 8 वर्ष, नमन 2 वर्ष, मानमती कंवर 70 वर्ष और जामबाई कंवर 70 वर्ष नहर के तेज बहाव में बह गये थे। रविवार की देर शाम नगरदा से इतवारी बाई के शव को पुलिस ने बरामद कर लिया था। घटना के दूसरे दिन फिर से पुलिस व गोताखोरों की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरु किया गया था। जहां से सोमवार को तान्या साहू 8 वर्ष, नमन 2 वर्ष, मानमती कंवर 70 वर्ष का शव बरामद कर लिया गया है जबकि जामबाई कंवर 70 वर्ष का अब तक कुछ सुराग नहीं मिल पाया है।

### चारों लोगों का शव मिला पड़ोसी जिले में

एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर रविवार को नहर में जा गिरी थी जिसमें सवार पांच लोग लापता हो गए थे। रविवार की देर शाम एक महिला के शव को बरामद कर लिया गया था लेकिन चार लोग लापता थे दूसरे दिन फिर से नहर में पुलिस व गोताखोरों की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जहां लापता हुए तीन लोगों के शव को पुलिस ने बरामद कर लिया है। अब तक लापता पांच लोगों में से कुल चार लोगों के शव को बरामद कर लिया गया है जबकि एक महिला अभी भी लापता है जिसकी खोजबीन की जा रही है।

# आधार कार्ड से रकम आहरण के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुमानीडाड निवासी तेजराम पिता बीरसाय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह पैसे की लेनदेन के लिए अपने नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र गया हुआ था। ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक देवराज सिंह तवर पिता महेन्द्र सिह तंवर ने तेजराम को बताया कि सर्वर डाउन है और तेजराम का अंगूठा लगवाया गया। तेजराम का अंगूठा लगाकर देवराज ने 10 हजार रुपए दे दिया फिर दूसरा अंगुठा लगवा के फिर से 10 हजार निकाला और वो पैसा तेजराम को नही दिया और शेष राशि भी नहीं बताया। जब तेजराम ने अपने बैंक खाता का स्टेटमेंट निकाला तो उसमें 2 बार 10 हजार रुपए की रकम आहरण दर्ज है जबकि देवराज द्वारा तेजराम को सिर्फ एक बार 10 हजार रुपए दिया गया। इस तरह देवराज ने 10 हजार रुपए की ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। तेजराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने देवराज के विरुद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की खोजबीन शुरु की थी। क्योस्क बैंक संचालक देवराज सिंह तंवर को गिरफ़्तार कर पूछतांछ की तो उसने अपना गुनाह स्वीकार किया। जटगा पुलिस ने आरोपी देवराज सिंह तंवर पिता पिता महेंद्र सिंह तंवर पर धारा 420 पर अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



आरोपी।

# डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी को सेवा कार्यों के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



सम्मान समारोह में उपस्थित लायंस क्लब के सदस्य।

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही सेवा कार्यों में आगे रही है। क्लब के द्वारा पूरे वर्ष भर सामाजिक व प्रशाशनिक सेवा के कार्य के लिए जबलपुर में आयोजित डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेस में अनेक अवार्ड से सम्मानित किया गया। सत्र 2024-25 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एम जे एफ ला सुधीर जैन (जबलपुर) ने अपने सत्र की 8 वी डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस आनंदम जबलपुर के होटल रॉयल ऑर्बिट में आयोजित किया गया जिसमें डिस्ट्रिक्ट के सभी 128 क्लब शामिल हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के द्वारा सभी क्लबों में से जिन जिन क्लबों के द्वारा उत्कृष्ट सेवा के कार्य करते हुए किये गए कार्यों की ऑनलाइन रिपोर्टिंग की गई उन सभी क्लबों को उनके द्वारा किये गए कार्यों का मूल्यांकन कर उन्हें मंच से मंचस्थ अतिथियों पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन जयप्रकाश अग्रवाल, निवृतमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला शैलेश अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला सुधीर जैन के द्वारा अवार्ड प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। जिसमें लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी को 3 स्टार माइक्रो चेयरपर्सन के लिए ला अजय धनोंदिया, 3 स्टार क्लब अध्यक्ष के लिए ला दीपक गर्ग, 3 स्टार क्लब क्लब के लिए लायन्स क्लब कटघोरा छुरी, हंगर रिलीफ, कम्बल वितरण, परमानेंट प्रोजेक्ट (डायलिसिस सेवा सेंटर,वाटर कूलर का संचालन, शव फ्रीजर) व बेनर प्रेजेंटेशन का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला सुधीर जैन ने कहा कि लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही सभी सामाजिक सेवा कार्यों में आगे रही ही है। इसके साथ ही क्लब के द्वारा जिस प्रकार से छोटे जगह में रहते हुए भी बड़े बड़े परमानेंट प्रोजेक्ट में भी रुचि लेते हुए कार्य किये जा रहे है निश्चित ही सराहनीय है यही वजह हैं कि आज क्लब ने डिस्ट्रिक्ट के साथ ही पूरे मल्टीपल में भी अपना एक अलग स्थान बनाकर रखा हुआ है।

# मंझवार समाज ने नशामुक्ति अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मंझवार समाज के सर्किल क्षेत्र खेतार, गहनिया, बेला एवं परसाखोला के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बेला में एक दिवसीय नशामुक्ति अभियान महासभा का आयोजन किया गया। इस महासभा का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे से मुक्त करने, शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा करना था। साथ ही, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को शादी-ब्याह, छठी, बरही जैसे सामाजिक कार्यक्रमों में आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर भी सहमति बनी। इस महासभा में यह निर्णय लिया गया कि समाज के हर सदस्य को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद की जाएगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई , 15 जुलाई से 25 जुलाई, 27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411